व्याख्या- पूनम चंद विश्नोई राजस्थान विधानसभा के प्रोटेम अध्यक्ष व उपाध्यक्ष तीनों पदो पर रहे हैं।

64. राजस्थान विधानसभा में 'लोक महत्त्व के किसी विषय पर स्थगन प्रस्ताव' की प्रक्रिया के नियम के सम्बन्ध में निम्न में से कौन से कथन सही हैं?

(A) प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु अध्यक्ष की सहमति आवश्यक है।
(B) प्रस्ताव द्वारा विशेषाधिकार का प्रश्न उठाया जा सकता है।
(C) प्रस्ताव हाल ही घटित किसी विशिष्ट घटना तक सीमित रहेगा।
(D) एक ही बैठक में एक से अधिक प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं होंगे।

सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए :
कूट :

(a) (A), (B) और (C)   (b) (A), (B) और (D)
(c) (A), (C) और (D)   (d) (A) और (D)

उत्तर (c)

RPSC RAS/RTS 2018

व्याख्या- राजस्थान विधानसभा में लोक-महत्व के किसी विषय पर स्थगत प्रस्ताव की प्रक्रिया के नियम के संबंध में निम्न कथन सही हैं–
1. प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु अध्यक्ष की सहमति आवश्यक है।
2. प्रस्ताव हाल ही में घटित किसी विशिष्ट घटना तक सीमित रहेगा।
3. एक ही बैठक में एक से अधिक प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं होगे।
उल्लेखनीय है कि स्थगन प्रस्ताव द्वारा विशेषाधिकार का प्रश्न नहीं उठाया जा सकता है। अत: विकल्प (d) सही उत्तर है।

65. सूची-I (14वीं राजस्थान विधान सभा में 2015-16 के लिए वित्त समितियाँ) को सूची-II (उनके अध्यक्ष) से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए –

सूची-I	**सूची-II**
A. लोक लेखा समिति	i. मोहन लाल गुप्ता
B. लोक उपक्रम समिति	ii. मदन राठौड़
C. प्राक्कलन 'क' समिति	iii. प्रद्युम्न सिंह
D. प्राक्कलन 'ख' समिति	iv. डॉ. गोपाल कृष्ण

कूट :

	A	B	C	D		A	B	C	D
(a)	iii	i	ii	iv	(b)	i	iii	iv	ii
(c)	iv	ii	i	iii	(d)	iii	iv	i	ii

उत्तर – (a)

RPSC RAS/RTS 2015

व्याख्या – सही सुमेलन इस प्रकार होगा –

सूची-I		**सूची-II**
(a) लोक लेखा समिति	–	प्रद्युम्न सिंह
(b) लोक उपक्रम समिति	–	मोहनलाल गुप्ता
(c) प्राक्कलन 'क' समिति	–	मदन राठौड़
(d) प्राक्कलन 'ख' समिति	–	डॉ. गोपाल कृष्ण

(iii) मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद्

66. राजस्थान के उपमुख्यमंत्रियों के बारे में कौन-सी जोड़ी सुमेलित है?

(a) शिवचरण माथुर, टीकाराम पालीवाल
(b) कमला बेनीवाल, सचिन पायलट
(c) हीरालाल देवपुरा, सचिन पायलट
(d) घनश्याम तिवारी, सचिन पायलट

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (b) : कमला बेनीवाल और सचिन पायलट विभिन्न कार्यकाल में राज्य के उपमुख्यमंत्री रह चुके हैं।

67. राजस्थान विधानसभा का सदस्य रहे बिना, कोई व्यक्ति कितने महीने तक राजस्थान में मंत्री पद पर रह सकता है?

(a) तीन महीने   (b) चार महीने
(c) छः महीने   (d) बारह महीने

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (c) : राज्य विधानमंडल का सदस्य रहे बिना, कोई वक्ति 6 महीने से अधिक मंत्री पद पर नहीं रह सकता है। उसे 6 माह के भीतर अनिवार्य रूप से किसी एक सदन की सदस्यता ग्रहण करनी होगी।

68. निम्न में से राजस्थान के किस मुख्यमंत्री के कार्यकाल में सर्वाधिक बार राष्ट्रपति शासन लगाया गया?

(a) भैरों सिंह शेखावत
(b) मोहन लाल सुखाड़िया
(c) हरीदेव जोशी
(d) शिवचरण माथुर

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (a) : राजस्थान में राष्ट्रपति शासन सर्वाधिक बार भैरोसिंह शेखावत के कार्यकाल में लागू हुआ था। भैरोसिंह शेखावत तीन बार राजस्थान के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। राजस्थान में राष्ट्रपति शासन 13 मार्च से 26 अप्रैल 1967, 30 अप्रैल- 21 जून 1977, 17 फरवरी से 5 जून 1980 तथा 15 दिसंबर 1992 से 3 दिसंबर 1993 तक लागू रहा। भैरों सिंह शेखावत के कार्यकाल में दो बार राष्ट्रपति शासन लागू हुआ था।

69. कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए -

(I) टीकाराम पालीवाल राजस्थान में एकमात्र ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जो उपमुख्यमंत्री भी रहे हैं।
(II) हरिशंकर भाभड़ा राजस्थान में अब तक सबसे लम्बे समय तक उपमुख्यमंत्री रहे हैं।

निम्न में से कौनसा विकल्प सही है?

(a) केवल कथन I सही है
(b) केवल कथन I सही है
(c) I व II दोनों कथन सही हैं
(d) I व II दोनों कथन गलत हैं

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A